श्री सत्य सांई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,

भोपाल – इन्दौर रोड, पचामा, सीहोर (म.प्र.) पिनकोड – 466001

दूरभाष क्र. 07562 – 223647, फैक्स क्र. 07562 – 223644, वेबसाइट –www.sssutms.co.in, ई मेल www.info@sssutms.co.in

SSSUTMS/R/Dec21/01

दिनांक 18/01/2022

अतिआवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में दिसंबर–2021 हेतु विषम (Odd) सेमेस्टर की नियमित तथा सम (Even) सेमेस्टर के पूर्व छात्रों की परीक्षाओं की समय–सारणी जारी की जा चुकी है। कोविड–19 के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 18/01/2022 को माननीय कुलपति महोदय, समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं विभाग प्रभारियों की आकस्मिक बैठक में निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

विश्वविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों में से अधिकांश विद्यार्थी सीहोर से बाहर दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत है। मध्यप्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों में स्थित विद्यार्थियों के परीक्षा में सम्मिलित होने सीहोर आने में कोविड–19 की वर्तमान की स्थिति को देखते हुए अत्यन्त कठिनाई पूर्ण होगा एवं कोविड–19 के दुष्प्रभाव की आशंका बनी रहेगी। ऐसी स्थिति में समस्त सदस्यों का यह मत है कि स्थानीय रूप से कोविड–19 के प्रभाव के दृष्टिगत आगामी परीक्षायें आन लाईन (Online) प्रणाली के माध्यम से दो पाली में आयोजित की जाए। प्रथम पाली प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 02:00 बजे से अपरांह 4:00 बजे तक आयोजित किया जाना उचित होगा।

अतः विश्वविद्यालय की दिसम्बर 2021 की परीक्षाए, होम्योपैथी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य सभी पाठ्यक्रमों यथा ***बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर, बी. फार्मेसी, एम.बी.ए, एम.सी.ए, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, एम. फार्मेसी, एम.टेक, एम.एस.सी., एम.ए., एम. कॉम, एल.एल.बी., बी.एड, बी.पी.एड, बी.ए.बी.एड., डेरी टेक्नोलॉजी, होटल मेनेजमेंट, आर्किटेक्चर, (वर्ष 2021 से पूर्व प्रवेशित) आदि की परीक्षाए पूर्व निर्धारित परीक्षा समय–सारणी में केवल परीक्षा के समय में आशिंक संशोधन अनुसार यथा 09:30 से 12:30 के स्थान पर 11:00 से 01:00 एवं 01:30 से 04:30 के स्थान पर 02:00 से 04:00 पर ऑनलाईन (Online) प्रणाली के माध्यम से आयोजित की जावेगी।***

विश्वविद्यालय की दिसम्बर 2021 की ऑन परीक्षाओ में विद्यार्थियों को निम्नलिखित दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

1. विद्यार्थियों को अपनी उत्तर पुस्तिका स्वयं के Login Portal से अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाईट से अग्रिम रूप से डाउनलोड करना होगी।
   (Student required downloading and printing University answer sheet from university website or student login portal in advance.)

2. परीक्षा के प्रारंभ होने से कम से कम 15 मिनिट पूर्व परीक्षा पोर्टल पर स्वयं की आइडी एवं पासवर्ड के साथ लॉग–इन होना अनिवार्य है।
   (Students are required to login at the examination portal with their user id and password at least 15 minutes prior to the start of their examination.)

श्री सत्य सांई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,

भोपाल – इन्दौर रोड़, पचामा, सीहोर (म.प्र.) पिनकोड – 466001

दूरभाष क्र. 07562 – 223647, फेक्स क्र. 07562 – 223644, वेबसाइट –www.sssutms.co.in, ई मेल www.info@sssutms.co.in

3. विद्यार्थी के पोर्टल पर लॉग–इन के उपरांत स्क्रीन घड़ी प्रश्नपत्र को खोलने के लिए बचे हुए समय को प्रदर्शित करेगी।
(Once a student login to the portal, a clock on the students' screen will display the time left in for opening of the question paper.)

4. प्रश्न पत्र डाउनलोड बटन परीक्षा की शुरूआत में दिखाई देगा। छात्रों को डेस्कटॉप/लैपटॉप/फोन पर प्रश्न पत्र डाउनलोड करने के लिए डाउनलोड बटन पर क्लिक करना होगा और परीक्षा के दिन यदि आवश्यक हो तो प्रिंटआउट भी ले सकते है।
(The Question Paper download button will be visible in the beginning of examination. Students are required to click on the download button to download the question paper on the Desktop/Laptop/Phone and can also take the printout, if required on the day of examination.)

5. छात्र विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिका पर अपनी लिखावट में उत्तर लिखेगे। भौतिक सत्यापन के दौरान इसे संस्थान स्तर पर सत्यापित किया जाएगा। ऐसा नहीं पाये जाने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
(Students will write the Answer on the University answer sheet in his/her own handwriting. (During the physical verification it will be verified at institute level) failing which action will be initiated as per university rule.)

6- विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिका छात्र पोर्टल से समय सीमा के अनुसार ही अपलोड करें (PDF Format) और वही हार्डकॉपी अपने विभाग प्रमुख को स्पीडपोस्ट/स्वयं के माध्यम से भेजे। यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित संकाय/पाठ्यक्रम/सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के 15 दिवस के पूर्व उत्तर पुस्तिकाऐं विश्वविद्यालय में जमा हो जावे।
(Upload the University answer sheet (PDF Format) from the student portal only as per time limit and hard copy of the same should be submitted (via speed post/by hand) to the University or the concerned department of the University within 15 days after the completion of the examination concerned.

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।

नियंत्रक (परीक्षा)